Syngenta Group



Syngenta Group की आचार संहिता

व्यवसाय में और कार्यस्थल पर नैतिक और ज़िम्मेदार तरीके से काम करने की हमारी प्रतिबद्धता



Syngenta Group की आचार संहिता

व्यवसाय में और कार्यस्थल पर नैतिक और ज़िम्मेदार तरीके से काम करने की हमारी प्रतिबद्धता

विषयवस्तु

4
6
12 व्यावसायिक अखंडता
18 समाज
22 विज्ञान, उत्पाद, संपदा अधिकार
28 लोग
32 आचार संहिता का अनुपालन



परिचय

Syngenta Group की आचार संहिता

हम व्यवसाय में, पर्यावरण के विषय में, सामाजिक रूप से और कार्यस्थल पर नैतिक रूप से और ज़िम्मेदारी से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह आचार संहिता ऐसे मानक निर्धारित करती है, जिसके अनुसार हम व्यवसाय संचालन करते हैं और यह हमारे उन व्यवहारों और मानकों का मार्गदर्शन करती है, जिनकी अपेक्षा हम आपूर्तिकर्ताओं और साझेदारों से करते हैं। यह आचार संहिता Syngenta Group पर और Syngenta Group के पूर्ण स्वामित्व वाली या इसके द्वारा नियंत्रित कंपनियों पर लागू होती है। Syngenta Group की दूसरी कंपनियों को आचार संहिता और नीतियों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

प्रबंधकों की ज़िम्मेदारियां

Syngenta Group के सभी प्रबंधकों और इसकी कंपनियों ("Syngenta Group प्रबंधक") के लिए यह आवश्यक है कि वे उदाहरण रखकर काम करें और आचार संहिता के अनुरूप ही बाहरी हितधारकों के साथ व्यवहार करें और अपनी टीम का नेतृत्व करें।

Syngenta Group के प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि Syngenta Group के कर्मचारियों, अस्थायी स्टाफ़ और ठेकेदारों के कर्मचारियों ने आचार संहिता पढ़ और समझ ली है और वे अपनी रोज़मर्रा की गतिविधियों में उसे लागू कर रहे हैं। वे एक-दूसरे से नियमित तौर पर नैतिकता व्यवहार करके, प्रशिक्षण देकर और मदद देने के लिए उपलब्ध रहकर ऐसा करते हैं। प्रबंधकों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ठेकेदार और अस्थायी कर्मचारी, खास तौर से वे लोग जो हमारे स्थानों पर काम कर रहे हैं या हमारे कर्मचारियों के साथ सहभागिता कर रहे हैं, Syngenta Group के नैतिक और सुरक्षा उम्मीदों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं।



Syngenta Group के प्रबंधकों को Syngenta Group के कर्मचारियों के लिए ऐसा सुरक्षित माहौल बनाना चाहिए जिसमें वे आवाज़ उठा सकें। अगर उन्हें आचार संहिता के संभावित उल्लंघन के बारे में कोई चिंताजनक बात दिखाई देती है या ऐसी सूचना मिलती है, तो उन्हें इसकी सूचना तुरंत अनुपालन अधिकारी को देनी चाहिए।

कर्मचारियों की ज़िम्मेदारी

Syngenta Group के और इसकी कंपनियों के सभी कर्मचारियों ("Syngenta Group कर्मचारी") को, वे चाहे जहां भी काम करते हैं, आचार संहिता को अवश्य पढ़ना, समझना और लागू करना चाहिए।

अगर Syngenta Group के कर्मचारियों के इस बारे में प्रश्न हों कि आचार संहिता को कैसे लागू करना है या अगर आचार संहिता के उल्लंघन के बारे में उनकी कोई चिंता हो, तो उनसे आवाज़ उठाने की अपेक्षा की जाती है। Syngenta Group के कर्मचारी अपने प्रबंधकों से या अनुपालन विभाग, कानून विभाग या मानव संसाधन टीमों के सदस्यों से बात कर सकते हैं। आवाज़ उठाने के लिए कोई प्रतिशोध नहीं लिया जाएगा।



कानून

उद्योग के प्रमुख के तौर पर, हम अपनी ज़िम्मेदारियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हम पारदर्शी और ज़िम्मेदार हैं और सभी लागू कानूनों का पालन करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि कर्मचारियों को अपनी भूमिकाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी हो।

हम मुक्त और उचित वैश्विक कारोबार बनाने के लिए लक्षित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विधान का पूरी तरह समर्थन करते हैं।



1 कानून का अनुपालन

2 प्रतिस्पर्धा कानून

3 रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

4 प्रतिभूति कारोबार (इनसाइडर ट्रेडिगं)

5 स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

कानून

1 कानून का अनुपालन

Syngenta Group सभी लागू कानूनों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियमों और परंपराओं का पालन करता है।

हम अपने कार्य पर लागू होने वाले सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और उद्योग के सभी प्रचलित नियमों का पालन करते हैं।

हम इस बात से अवगत हैं कि कुछ कानून किसी देश या क्षेत्र के न केवल वाणिज्यिक व्यवहारों पर लागू होते हैं, बल्कि दूसरे स्थानों पर ऐसे व्यवहार करने पर भी लागू होते हैं जिनका उस देश या क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा पर काफ़ी प्रभाव पड़ता है।

2 प्रतिस्पर्धा कानून

Syngenta Group अपने कर्मचारियों से प्रतिस्पर्धा कानून का अनुपालन करने की उम्मीद करता है।

हम सुनिश्चित करते हैं कि व्यवसाय जहां कहीं भी संचालित किया जाए, उसकी सभी प्रक्रियाओं में प्रतिस्पर्धा कानूनों का पूरी तरह अनुपालन हो।

प्रतिस्पर्धा कानून, आम तौर पर व्यावसायिक आचरण पर और सभी व्यावसायिक व्यवस्थाओं पर लागू होते हैं, चाहे वे लिखित हों, मौखिक हों या किसी दूसरे स्वरूप में हों।

प्रतिस्पर्धा कानून, पूरी तरह केवल Syngenta Group की कंपनियों के बीच होने वाले व्यावसायिक लेन-देनों पर आम तौर पर लागू नहीं होते हैं।

3
रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

सार्वजनिक अधिकारियों और दूसरे तृतीय-पक्षों के साथ Syngenta Group के सभी व्यवहार, ईमानदारी के साथ किए जाने चाहिए और उनमें लागू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परंपराओं का पालन किया जाना आवश्यक है।

हम किसी भी सार्वजनिक अधिकारी, आपूर्तिकर्ता या किसी भी अन्य व्यक्ति को किसी आधिकारिक कार्रवाई को अनुचित रूप से प्रभावित करने या कोई पक्षपातपूर्ण फैसला प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष तौर पर या किसी तृतीय-पक्ष के माध्यम से कोई भी गैरकानूनी भुगतान, प्रलोभन या मूल्यवान वस्तु नहीं देते हैं या उसका प्रस्ताव नहीं करते हैं।

4
प्रतिभूति कारोबार (इनसाइडर ट्रेडिंग)

Syngenta Group महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर प्रति भूतियों के कारोबार को प्रतिबंधित करता है।

Syngenta के कर्मचारियों को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग, किसी अन्य व्यक्ति के व्यक्तिगत लाभ के लिए बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

हम महत्वपूर्ण सार्वजनिक जानकारी, मित्रों, परिवारजनों, ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं सहित किसी को भी प्रकट नहीं करेंगे। अगर किसी कर्मचारी को महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त होती है, तो Syngenta के उस कर्मचारी के लिए उस जानकारी के आधार पर कारोबार करना या ऐसी जानकारी से अन्यथा लाभ कमाना प्रतिबंधित है।

कानून

5
स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

Syngenta Group स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (HSE) में उच्च मानक लागू करता है।

हमारा लक्ष्य, पर्यावरण की सुरक्षा करना और अपने कर्मचारियों की और हमारी गतिविधियों से संभावित तौर पर प्रभावित होने वाले अन्य लोगों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सभी परिचालनों और परिसरों में पर्याप्त HSE प्रक्रियाएं और अभ्यास निर्धारित होने आवश्यक हैं।

हम Syngenta के सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर कार्य परिवेश प्रदान करते हैं और ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए Syngenta के कर्मचारियों के साथ काम करते हैं, जिससे हर एक कर्मचारी HSE की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी ले सके। Syngenta के हर एक कर्मचारी का कर्तव्य है कि वह अपने कार्यस्थल पर निर्धारित सभी HSE नियमों का पालन करे।

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि HSE की विचारणीय बातों को सभी गतिविधियों में एकीकृत किया जाए और Syngenta के कर्मचारियों को इसे अपनाने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण और अन्य तरह की सहायता दी जाए।

हम HSE के प्रदर्शन के बारे में खुले तौर पर बताते हैं और इसमें रुचि रखने वाले पक्षों के साथ बातचीत करते हैं।





व्यावसायिक अखंडता

हम हमेशा निष्पक्षता, ईमानदारी और अखंडता के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं। इससे हमें अपने हितधारकों का भरोसा प्राप्त होता है और हमारी प्रतिष्ठा मज़बूत होती है।

इसके माध्यम से, हमें अपने व्यवसाय के संचालन के तरीके और समाज में हमारे योगदान पर गर्व है और Syngenta के सभी कर्मचारियों को इन मानकों को लागू करना चाहिए।



6 विज्ञापन, बिक्री और मार्केटिंग प्रक्रियाएं

7 उपहार, सेवाएं और मनोरंजन ऑफ़र करना और स्वीकार करना

8 राजनीतिक योगदान

9 पक्ष-समर्थन

10 संघर्ष क्षेत्रों में संचालन करना

11 पशुओं पर परीक्षण

12 संविदात्मक दायित्व और दस्तावेज़ीकरण के मानक

13 हित के टकराव

व्यावसायिक अखंडता

6
विज्ञापन, बिक्री और मार्केटिंग प्रक्रियाएं

Syngenta Group अपनी विज्ञापन, बिक्री और मार्केटिंग की गतिविधियां नैतिक रूप से और सभी लागू कानूनों, विज्ञापन संबंधी प्रक्रियाओं की संहिता, विशिष्ट रूप से कीटनाशकों के वितरण और उपयोग के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठनों की अंतर्राष्ट्रीय आचार संहिता के अनुरूप करता है।

हम Syngenta Group और उसकी कंपनियों को और अपने उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और निष्पादन को ईमानदारी से पेश करते हैं। जहां कानूनी रूप से अनुमत हो, प्रतिस्पर्धात्मक उत्पादों के साथ तुलना पूरी तरह केवल तथ्यात्मक जानकारी पर आधारित होगी।

7
उपहार, सेवाएं और मनोरंजन पेश करना और स्वीकार करना

Syngenta Group समूह, पूरी तरह से उचित और कानूनी व्यावसायिक सौजन्य के रूप में ही उपहार, सेवाओं और मनोरंजन की स्वीकृति देता है।

हम उपहार, मनोरंजन या निःशुल्क सेवाएं केवल तभी प्रदान करते हैं, जब वे प्रचलित प्रक्रियाओं के संगत और लागू कानून के अनुरूप हों।

Syngenta के कर्मचारी, केवल उन्हीं उपहारों, मनोरंजन या व्यक्तिगत अनुग्रहों को स्वीकार करते हैं, जो प्रचलित प्रक्रियाओं के संगत दिए जाते हैं और जिनसे हमारे व्यावसायिक फैसले अनुचित रूप से प्रभावित नहीं हो।

हम उपरोक्त में से किसी को भी दरकिनार करने के लिए अन्य लोगों का उपयोग नहीं करते हैं।

8
राजनीतिक योगदान

Syngenta Group और उसकी कंपनियों द्वारा किया गया कोई भी राजनीतिक योगदान पहले से स्वीकृत होना चहिए और प्रासंगिक आंतरिक दिशानिर्देशों के अनुरूप होना चाहिए।

हम राजनीतिक अनुदानों के लिए, Syngenta Group के फ़ंड का उपयोग लागू राष्ट्रीय कानून के अनुसार और Syngenta Group के प्रासंगिक व्यावसायिक निरंतरता विभाग, देश के प्रबंधक या राजनीतिक अभियान समिति की पहले से ली गई स्वीकृति के साथ ही करते हैं।

9
पक्ष-समर्थन

Syngenta Group, उन विषयों पर राजनीतिक बहस में शामिल हो सकता है, जिनसे समूह के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में प्रगति होती है और उन समुदायों में सुधार आता है, जिनमें हम रहते और काम करते हैं।

हम पक्ष-समर्थन की गतिविधियों का सख्त आंतरिक नियंत्रण बनाए रखते हैं और उन्हें स्थानीय कानून के अनुपालन में, ईमानदारी, पूर्णता, सम्मान, जानकारी की सटीकता और पारदर्शिता से निर्देशित होकर करते हैं।

नियुक्त बाहरी एजेंसियों द्वारा की गई या Syngenta Group समूह के लिए हमारी औद्योगिक संबद्धता के माध्यम से की गई सभी पक्ष-समर्थन गतिविधियां इन्हीं सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होनी आवश्यक हैं।

व्यावसायिक अखंडता

10
संघर्ष क्षेत्रों में संचालन करना

Syngenta Group केवल विस्तृत समुदाय के लाभ के लिए ही संघर्ष क्षेत्रों में व्यवसाय संचालन करता है।

हम हर एक मामले के लिए अलग-अलग इस बात का मूल्यांकन करेंगे कि क्या समुदाय के लिए कृषि पैदावार और पर्याप्त खाद्य आपूर्ति बनाए रखने के लिए उत्पाद और सेवाओं की निरंतर प्रदान करते रहना Syngenta Group के व्यापक हित में है।

हम UN द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और व्यापारिक रोक का उल्लंघन नहीं करते हैं

11
पशुओं का परीक्षण

Syngenta Group उपयुक्त स्थिति में ही पशुओं पर अध्ययन का उपयोग करता है और इसका लक्ष्य ऐसी वैकल्पिक तकनीकें विकसित करना है, जो पशुओं के उपयोग को प्रति स्थापित करती हैं और उनके उपयोग को कम करती है।

हम पशुओं की देखभाल और उपयोग के मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाते हैं और उच्चतम पेशेवर मानकों के अनुसार व्यवसायसंचालन का लक्ष्य रखते हैं।

Syngenta के कर्मचारी जहां और जब भी उपयुक्त हो, हमेशा ऐसी विधियों की, जिनमें पशुओं के उपयोग की आवश्यकता होती है, वैकल्पिक प्रक्रियाएं अपनाते हैं।

12
संविदात्मक दायित्व और दस्तावेज़ीकरण के मानक

Syngenta Group अपने संविदात्मक दायित्वों का सम्मान करता है और सुनिश्चित करता है कि लेन-देनों को समय पर और सटीक रूप से कानूनी आवश्यकताओं और लागू लेखांकन मानकों के अनुसार दस्तावेज़ीकृत किया जाए।

Syngenta के कर्मचारी, समूह के लिए ऐसे कोई भी संविदात्मक दायित्व उत्पन्न नहीं करेंगे, जो किसी कर्मचारी के आंतरिक अधिकार के दायरे के बाहर हों।

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी की सभी रिपोर्ट, रिकॉर्ड और खाते, लागू कानूनों के अनुसार और कंपनी द्वारा अपनाए गए संगत मानकों के अनुरूप ही तैयार और उचित रूप से संग्रहीत किए जाएं।

13
हित के टकराव

व्यावसायिक लेन-देन, Syngenta Group के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखकर ही किए जाने चाहिए।

Syngenta के कर्मचारी किसी भी ऐसे व्यावसायिक अवसर का फ़ायदा नहीं उठाते हैं, जिनसे Syngenta Group के हितों से टकराव हो। वे कोई भी बाहरी रोज़गार, व्यावसायिक गतिविधि या निवेश नहीं करते हैं, जिनसे Syngenta Group के लिए उनकी ज़िम्मेदारियों के निर्वहन की उनकी क्षमता में हस्तक्षेप हो।

हम किसी भी व्यक्ति या संगठन को Syngenta के किसी कर्मचारी से उसके संबंधों के ज़रिए अनुचित फ़ायदा उठाने की अनुमति नहीं देते हैं। इसी तरह, Syngenta का कोई भी कर्मचारी, किसी दूसरे व्यक्ति या संगठन के साथ किसी संबंध से अनुचित लाभ प्राप्त नहीं कर सकता है।



समाज

हम समाज में सकारात्मक योगदान करने की कोशिश करते हैं और लोगों की चिंताओं को सुनते और उनके प्रति प्रतिक्रिया देते हैं।

उद्योग के अग्रणी के तौर पर, हम उस तरीके पर गर्व कर सकते हैं, जिस तरीके से हम अपनी कंपनी, अपने सहकर्मियों और समाज के साथ व्यवहार करते हैं।



14 पर्यावरण-संबंधी प्रभाव
15 जैव-विविधता
16 समुदाय
17 हितधारकों से संचार

समाज

14 पर्यावरण-संबंधी प्रभाव

Syngenta Group, पर्यावरण संबंधी समस्याओं का मूल्यांकन करता है और उनके लिए प्रतिक्रिया देता है।

हम ज़िम्मेदार वैज्ञानिक, पर्यावरणीय, कृषि - संबंधी, आर्थिक, सामाजिक और वाणिज्यिक प्रक्रियाओं के माध्यम से पानी, भूमि , और हवा सहित सभी कृतिक संसाधनों की गुणवत्ता और मात्रा को बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाते हैं।

हमारा लक्ष्य, सभी लागू कानूनों, अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देशों और उद्योग मानकों का अनुपालन करके अपने परिचालनों के पर्यावरण-संबंधी प्रभाव को न्यूनतम करने का है।

हमारे ग्राहकों और दूसरे साझेदारों को हमारी ओर से जो उत्पाद प्राप्त होते हैं, उनकी सुरक्षित और पर्यावरण-संबंधी सुरक्षित हैंडलिगं के उनके प्रयासों का हम सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं।

15 जैव विविधता

Syngenta Group इस बात से अवगत है कि उसका व्यवसाय, पौधों और पशुओं की समृद्ध विविधता पर निर्भर है, जि से जैव-विविधता के रूप में जाना जाता है।

हमारा लक्ष्य, मौजूदा उत्पादों का उपयोग करने के लिए नए उत्पाद और साथ ही नई विधियां विकसित करने का है जिनसे जैव-विविधता की रक्षा हो और उसे बढ़ावामि ले।

हम जैव-विविधता के संरक्षण और उसके दीर्घकालिक उपयोग के सिद्धांतों का और 1992 में रियो-डी-जेनेरियो में हुए हुए पृथ्वी सम्मेलन में और कार्टा जेना प्रोटोकॉल के अपनाए गए और जैविक विविधता ("जैव-विविधता सम्मेलन") सम्मेलन में निर्धारित आनुवांशिक संसाधनों से पैदा होने वाले लाभों को उचित और समान तौर पर साझा करने का समर्थन करते हैं।

Syngenta के कर्मचारी जैव-पायरेसी या गैर-कानूनी तौर पर जीवों को प्राप्त करने के किसी भी कार्य में शामिल नहीं होंगे।

16
समुदाय

Syngenta Group उन समुदायों के लिए सकारात्मक योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें वह व्यवसाय संचालन करता है।

हम जहां भी व्यवसाय संचालन करते हैं, हम समुदाय के लिए आर्थिक, स्वास्थ्य-संबंधी और सामाजिक लाभों का सृजन करके, स्थानीय प्रथाओं और परंपराओं का पालन करके सकारात्मक योगदान करने की कोशिश करते हैं और हम लोगों की चिंताओं को सुनने और उस पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहते हैं।

17
हितधारकों से संचार

Syngenta Group, निवेशकों, मीडिया, विनियामकों, सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ भरोसा और समझ निर्मित करने की कोशिश करता है।

हम अपनी कंपनी के मूल्यों के अनुरूप अपने प्रमुख हितधारकों के साथ खुला संवाद और जानकारी साझा करने और सरकारों तथा मीडिया की स्वतंत्रता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

Syngenta के कर्मचारी केवल उपयुक्त आंतरिक फ़ंक्शन की पहले से ली गई स्वीकृति के बाद ही निवेशकों और मीडिया के साथ संवाद में शामिल होंगे।



विज्ञान, उत्पाद और संपदा संबंधी अधिकार

हम अभिनव, भरोसेमंद, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करते हैं और हमारे पास हितधारकों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उपाय मौजूद है।

हमारे लोगों की रचनात्मकता ऐसे उत्पाद प्रदान करती है, जिनसे कृषकों को कृषि की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है।



18 अनुसंधान और विकास
19 उत्पाद सुरक्षा, गुणवत्ता और देखरेख
20 संपदा की सुरक्षा
21 बौद्धिक संपदा अधिकार

विज्ञान, उत्पाद और संपदा संबंधी अधिकार

18 अनुसंधान और विकास

Syngenta Group, ऐसे अभिनव, सुरक्षित और भरोसेमंद उत्पाद विकसित करने के लि ए शोध संचालित करता है जि नसे कृषि उत्पादन में सुधार हो और जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो।

हम अनुसंधान और विकास के महत्वपूर्ण परिणामों को उद्देश्यपूर्ण और सटीक तरीके से सार्वजनिक रूप से प्रकट करते हैं।

हम अपने उत्पादों के सही उपयोग से जुड़े पहले अज्ञात कम और लंबी अवधि के प्रभावों की विश्वसनीय रिपोर्ट की जांच-पड़ताल करते हैं और उपयुक्त कार्रवाइयां करते हैं।

हम वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास के विषय में केवल ऐसे संगठनों के साथ सहकार्य करते हैं, जो समान नैतिक मानकों को लागू करते हैं।

हम अनुसंधान और विकास से संबंधित सभी परिचालनों में निरंतरता के लिए प्रयास करते हैं और हमारा लक्ष्य प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण करने का है।

Syngenta के कर्मचारी उच्चतम नैतिक और वैज्ञानिक मानकों को लागू करते हैं और सशक्त प्रक्रियाओं और नियंत्रणों को अपनाते हैं। वे तकनीक और उसके प्रभावों और साथ ही वैज्ञानिक जोखिम के सख्त मूल्यांकन लागू करने के बारे में व्यापक सामाजिक चिंताओं के प्रति सचेत होंगे।

19
उत्पाद सुरक्षा, गुणवत्ता और देखरेख

Syngenta Group, अपने पूरे उत्पाद जीवन चक्र के दौरान अत्याधुनिक वैज्ञानिक और तकनीकी मानकों को लागू करके और अपने कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण सुनिश्चित करके अपने उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

हम अपने उत्पादों का उचित और ज़िम्मेदारीपूर्ण उपयोग और पूरे उत्पाद जीवन-चक्र में लागू की जाने वाली सावधानियों को समझना सुनिश्चित करने के लिए ग्राहकों, ठेकेदारों, उपयोगकर्ताओं और दूसरे सभी हितधारकों के साथ नज़दीकी से काम करते हैं।

हम उत्पाद के खतरों की ध्यानपूर्वक पहचान करते हैं, उनके उपयोग से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन करते हैं और उत्पाद के पैकेज, पर्चे और लेबल पर उत्पाद के उपयोगकर्ताओं को उनके दुरुपयोग से होने वाले परिणामों के बारे में सचेत करते हैं। उत्पादों पर सुरक्षित संग्रहण, उपयोग और निपटान के संबंध में अंतिम-उपयोगकर्ता के लिए स्पष्ट निर्देश लिखे होते हैं।

Syngenta के कर्मचारी यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी आंतरिक और कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो या उनसे प्रभावी प्रदर्शन हो, परीक्षण और प्रक्रियाएं निर्धारित करते हैं और हमारे मानकों की पूर्ति में कोई विफलता होने या हमारे उत्पादों का दुरुपयोग होने पर प्रबंधन को सूचित करते हैं।

विज्ञान, उत्पाद और संपदा संबंधी अधिकार

20
संपदा की सुरक्षा

Syngenta Group अन्य लोगों के संपदा अधिकारों का सम्मान करता है और अपने ख़ुद के संपदा अधिकारों का पुरज़ोर बचाव करता है।

हम कंपनी की सभी संपत्तियों, संपदा और संसाधनों को सुरक्षित रखते हैं और हम उन्हें केवल कंपनी के व्यवसाय और गतिविधियों के उद्देश्यों से ही करेंगे अपने खुद के व्यावसायिक लाभ के लिए नहीं।

हम Syngenta Group या दूसरी कंपनियों के गोपनीय बातों को बनाए रखते हैं और व्यापार रहस्यों की सुरक्षा करते हैं और किसी भी व्यापरिक रहस्य का गैर-व्यावसायिक उपयोग नहीं करते।

अनुसंधान और विकास, निर्माण डेटा, लागतें, मूल्य, विक्रय , लाभ, मार्केट, ग्राहक और व्यवसाय करने की विधियों सहित Syngenta Group के अंतर्गत जनरेट की गई जानकारी Syngenta Group की संपत्ति है और कानूनी रूप से आवश्यक होने की स्थिति को छोड़कर इसे उपयुक्त प्राधिकार के बिना Syngenta Group के बाहर प्रकट नहीं किया जाएगा।

21
बौद्धिक संपदा संबंधी अधिकार

Syngenta Group नई खोजों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी बौद्धिक संपदा (IP) सुरक्षा को प्रभावी मानता है। प्रभावी होने के लिए किसी भी IP सिस्टम में समाज की ज़रूरतों और खोजकर्ता की रुचियों का सही संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

हम अपने IP अधिकारों की सख़्ती से सुरक्षा करते और लागू करते हैं और स्थानीय कानूनों के अनुसार दूसरों के IP अधिकारों का सम्मान करेंगे।





लोग

हमारे कर्मचारी, व्यवसाय के रूप में प्रदर्शन करने में बुनियादी भूमिका निभाते हैं।

हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारी विविधता की नीतियां सभी कर्मचारियों के लिए निष्पक्ष व्यवहार प्रदान करें और हमारा लक्ष्य निष्पक्षता, ईमानदारी और अखंडता के उच्चतम मानकों को हासिल करना है,



22 श्रम अधिकार
23 भेदभाव और उत्पीड़न
24 विविधता

लोग

22
श्रम अधिकार

Syngenta Group सभी श्रम कानूनों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संहिताओं और समझौतों का पालन करता है और यह मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठनों के बुनियादी समझौतों में निर्धारित सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम Syngenta के कर्मचारियों के संगत श्रम यनियूनों और/या दसूरे कर्मचारी संगठनों का सदस्य बनने और सामूहिक रूप से सौदेबाज़ी करने के अधिकार को मान्यता देते हैं। श्रमिकों के प्रतिनिधियों के साथ भेदभाव नहीं किया जाता है और उन्हें कारस्थल पर उनके प्रतिनिधियों का फ़ंक्शन संचालित करने की अनुमति दी जाती है।

हम जबरिया, बंधक या अनिवार्य मज़दूरी का उपयोग नहीं करते हैं और किसी भी तरह की शोषणकारी बाल-श्रम प्रक्रियाओं से दूर रहते हैं।

23
भेदभाव और उत्पीड़न

Syngenta Group कार्यस्थल पर ऐसा परिवेश बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त हो। Syngenta Group के अंतर्गत सफलता और प्रगति , व्यक्तिगत क्षमता और कार्य प्रदर्शन पर ही निर्भर होनी चाहिए।

हम जाति, लिगं, धर्म, संप्रदाय, राष्ट्रीय मूल, अक्षमता, आयु, यौन अभिविन्यास, शारीरिक और मानसिक अक्षमता, पारिवारिक स्थिति, राजनीतिक दृष्टिकोण या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता के आधार पर भेदभाव सहन नहीं करते हैं।

हम मौखिक, यौन-संबंधी, शारीरिक, मानसिक और विज़ुअल उत्पीड़न, दुर्व्यवहार, अपमान या धमकी पर प्रतिबंध लगाते हैं।

हर एक कर्मचारी को कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न से मुक्त कार्य करने के लिए सहकर्मियों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

हम नियुक्ति, विकास या पदोन्नति के उद्देश्य से लोगों के संबंध में निर्णय पूरी तरह उनके प्रदर्शन के आधार पर और कार्य के संबंध में क्षमता के आधार पर लेते हैं।

हम ऐसे सभी कर्मचारियों को, जिन्हें लगता है कि उनके साथ भेदभाव हुआ है, उनके प्रबंधकों को या Syngenta Group की अनुपालन हेल्पलाइन के ज़रिए उसकी सूचना देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम हर एक रिपोर्ट की निष्पक्ष रूप से जांच करेंगे और उपयुक्त उपायों के साथ सिद्ध उल्लंघनों पर फ़ॉलो-अप लेंगे।

24
विविधता

Syngenta Group विविधता को महत्व देता है और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देता है जो अनुमति देता है प्रत्येक व्यक्ति को योगदान देना है उनकी पूरी क्षमता।

हम जिन समुदाश्यों में व्श वसाश संचालन करते हैं, और जिन गरशहकों को हम सेवाएं देते हैं, उनकी संस्कृतिश्यों, विशश्वासों और पृष्श्भूमिश्यों की विस्तृत शरशृंखला परश्दशिश त करने केलिए हम कमश चारिश्यों को सधिरश तौर पर निश ुधत करते हैं।

हम हर एक कमश चारी केसाथ ईमानदारी, गरिमा, निष्पकश्ता और सम्मान का व्श वहार करते हैं।

आचार संहिता का अनुपालन



आचार संहिता का पालन करना

Syngenta के हर एक कर्मचारी के लिए आवश्यक है कि वह इस आचार संहिता को पढ़े और समझे साथ ही, उसे उसके आचार संहिता प्रतिबद्धता पत्र में वार्षिक रूप से इसकी पुष्टि करने के लिए कहा जाएगा। Syngenta Group यह आवश्यक बनाता है कि इस आचार संहिता से नियंत्रित सभी व्यक्ति इन प्रावधानों को समझें और उनका पूरी तरह पालन करें। Syngenta के हर एक कर्मचारी को Syngenta Group की आचार संहिता और Syngenta Group द्वारा अपनाई गई सभी नीतियों, दिशानिर्देशों और नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए।

जब आपको आचार संहिता का उल्लंघन दिखाई दे, तो आवाज़ उठाना

अगर Syngenta के कर्मचारी को पता चलता है या उन्हें ऐसा लगता है कि कोई व्यक्ति आचार संहिता का अनुपालन नहीं कर रहा है, तो यह हर एक कर्मचारी का कर्तव्य है कि वह आवाज़ उठाएं। आवाज़ उठाने पर कोई प्रतिशोध नहीं लिया जाएगा।

कर्मचारी किसी भी समय अपने प्रबंधकों से या अनुपालन टीम के सदस्यों से बात कर सकते हैं। कर्मचारी Syngenta Group की अनुपालन हेल्पलाइन का या उनकी कंपनियों में गोपनीय रिपोर्टिंग के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन का उपयोग भी कर सकते हैं। हेल्पलाइन का संचालन तृतीय-पक्ष संगठनों द्वारा किया जाता है, जिसके पास विशेषज्ञ परामर्शदाता हैं और यह दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध है और इसमें आवश्यकता होने पर अनुवादक उपलब्ध हैं। इसके विवरण इंट्रानेट पर "Syngenta Group अनुपालन हेल्पलाइन" में उपलब्ध होंगे।

Syngenta Group, अनुपालन संबंधी उल्लंघनों को गंभीरता से लेता है और वह अनुपालन संबंधी सभी मान्य चिंताओं की जांच-पड़ताल करेगा। जब कोई उल्लंघन हुआ हो, तो उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नीतियां और अनुपालन संसाधन केंद्र

आचार संहिता के अलग-अलग विषयों के बारे में और अधिक विवरणों के लिए कृपया Syngenta Group की नीतियां और आचार संबंधी व्यावहारिक नियम देखें।

आपके क्षेत्र में अनुपालन और अनुपालन को बढ़ावा देने के बारे में जानने के लिए संसाधन आपको उपलब्ध करवाए जाएंगे।

Syngenta Group



“हम अपनी प्रतिष्ठा को केवल नैतिकता और ईमानदारी के उच्चतम मानकों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के द्वारा ही बनाए रख सकेंगे।”

Syngenta Group Co., Ltd.
शंघाई, चीन। सर्वाधिकार सुरक्षित।
प्रकाशन का मूल वर्ष: 2020